(b) Oil is being produced through Early Production System (ERS) from Kaikalur prospect since January, 1987 and is being taken to the refinery at Visakhapatnam. Another offshore prospect GS-16 (Ravva) is also planned to be put on EPS by the middle of 1989.

Gas produced onshore is at present being supplied to three consumers, namely, M/s. Andhra Sugars, Tanuku; M/s. Gowethmi Selvents Ltd., Tanuku; M/s. Delta Paper Mill, Bhimavaram.

देश में लैटर बाक्सों की संख्या

2927. **श्री रामनरेश यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मार्च, 1988 के अन्त तक पूरे देश में कितने लैटर बाक्स लगाए जा चुके थ; इस संबंध में राज्यवार ब्यौरा क्या है; और गांवों में लैटर बाक्स लगाए जाने के संबंध में सरकार की क्या नीति है और सभी गांवो में यह सुविधा कब तक उपलब्ध करा दिये जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : प्रत्येक डाक सर्किल में लगाए गए लैटर बाक्सों की संख्या संलग्न विवरण–1 में दर्शाई गई है (नीचे देखिये) ग्रामीण क्षेत्रों में लैटर बाक्स लगाने के लिए अपनाए गए मानदंड संलग्न विवरण–2 में दिए गए हैं। (नीचे देखिये) निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार गांवों में लैटर बाक्स चरणबद्ध रूप में प्रदान किए जाते है। इस संबंध में 1988–89 के दौरान 5,000 अतिरिक्त गांवों और 1989–90 के दौरान 20,000 अतिरिक्त गांवों में लैटर बाक्स लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विवरण–1

लैटर बाक्सों की संख्या (31–3–1988 के स्थिति के अनुसार)

सर्किल	लैटर बाक्सों की संख्या
1. आंध्र प्रदेश	43,623
2. बिहार	32,537
3. दिल्ली	2,752
4. गुजरात	26,552
5. हरियाणा	7,128
6. हिमाचल प्रदेश	6,607
7. जम्मू एवं कश्मीर	3,255
8. कर्नाटक	25,704
9. केरल	17,922
10. महाराष्ट्र	43,178
11. मध्य प्रदेश	36,858
12. उत्तर पूर्व	18,269
13. उड़ीसा	21,117
14. पंजाब	15,007
15. राजस्थान	24,606
16. तमिलनाडु	55,921
17. उत्तर प्रदेश	61,932
18. पश्चिम बंगाल	38,789
योग	4,81,757

विवरण–2

ग्रामीण क्षेत्रों में लैटर बाक्स लगाने संबंधी मानदंड

(1) 500 और इससे अधिक आबादी वाले ग्राम लैटर बाक्स की सुविधा पाने के पात्र होंगे ।

(2) 500 से कम आबादी वाले ग्रामों मे यह सुविधा वहां की आवश्यकतानुसार निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर प्रदान की जाएगी :–

(क) जहां नजदीकी लैटर बाक्स 1 कि० मी० से दूर हो ; और

(ख) जहां प्रति-दिन एक पत्र पोस्ट किए जाने की संभावना हो ।